# ताज रम्मी ने क्रिकेट के साथ फेंटेसी स्पोर्ट्स में किया प्रवेश

## दिसम्बर 2021 तक 2 और गेम्स शुरू करने की योजना

- *महामारी के बीच पिछले एक साल में ऑनलाईन गेमिंग को तेज़ी से बढ़ावा मिला है*
- *सितम्बर के मध्य से शुरू होने वाले क्रिकेट के आगामी दूसरे सीज़न के साथ फेंटेसी स्पोर्ट्स की लोकप्रियता और अधिक बढ़ेगी*
- *देश भर में ताज रम्मी के लाखों खिलाड़ियों को मिलेंगे गेमिंग के नए विकल्प*

**नई दिल्ली, 9 सितम्बर, 2021:** ग्रिडलोजिक ग्रुप की ओर से भारत के अग्रणी कौशल आधारित ऑनलाईन गेमिंग प्लेटफॉर्म ताज रम्मी ने भारत में फेंटेसी गेमिंग की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए फैंटेसी स्पोर्ट्स के क्षेत्र में प्रवेश किया है। भारत में सबसे लोकप्रिय फेंटेसी गेमिंग फोर्मेट, क्रिकेट से शुरूआत करने के बाद ताज रम्मी धीरे–धीरे साल के अंत तक अन्य फेंटेसी स्पोर्ट्स में भी विस्तार करेगा।

ईवाय– ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन रिपोर्ट 'ऑनलाईन गेमिंग इन इंडिया– द जीएसटी कोनन्ड्रम' के अनुसार भारत में ऑनलाईन गेमर्स की संख्या जो 2020 में 360 मिलियन थी वह 2022 तक बढ़कर 510 मिलियन के आंकड़े तक पहुंच जाएगी। अनुमान के मुताबिक 2023 तक इसका राजस्व 2 बिलियन डॉलर के आंकड़े को छू जाएगा।

उद्योग जगत के रिपोर्ट्स के अनुसार फेंटेसी क्रिकेट भारत में सबसे ज़्याद खेला जाने वाला ऑनलाईन फेंटेसी स्पोर्ट्स गेम है और गेमर्स को सबसे ज़्यादा रोचक अनुभव प्रदान करता है।

तेज़ी से बढ़ते स्किल आधारित ऑनलाईन गेमिंग मार्केट को देखते हुए ताज रम्मी ने फेंटेसी क्रिकेट के क्षेत्र में प्रवेश किया है, खासतौर पर क्रिकेट सीज़न से पहले लाखों गेमर्स ऑनलाईन क्रिकेट में प्रवेश कर रहे हैं। इसके अलावा कंपनी भारत एवं दुनिया भर में ऑनलाईन और फेंटेसी स्पोर्ट्स के क्षेत्र में ऑनलाईन संचालन करने वाले बी2बी उपभोक्ताओं को गेमिंग टेक्नोलॉजी सेवाएं भी उपलब्ध कराएगी।

दुनिया भर में खिलाड़ियों और बी2बी उपभोक्ताओं के लिए आधुनिक गेम्स एवं टेक्नोलॉजी विकसित करने के सालों के अनुभव के साथ ताज रम्मी ने फेंटेसी क्रिकेट गेम का विकास किया है। नई तकनीकों जैसे आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स के साथ यह कम इंटरनेट बैण्डविड्थ पर भी खिलाड़ियों को सहज अनुभव प्रदान करता है और वे आसानी से गेम के साथ जुड़ सकते हैं।

फैंटेसी स्पोर्ट्स एक तरह के स्किल–बेस्ड ऑनलाईन स्पोर्ट्स हैं जिसमें यूज़र आगामी गेम्स से रियल लाईफ प्लेयर्स की अपनी टीम बनाता/ बनाती है और ये वर्चुअल टीमें रियल लाईफ मैचों में खिलाड़ियों के वास्तविक परफोर्मेन्स के आधार पर पॉइन्ट्स जमा करती हैं और इसके अनुसार विजेताओं का ऐलान किया जाता है।

**परीक्षित मदीशेट्टी, मैनेजिंग डायरेक्टर, ग्रिडलोजिक ग्रुप, जो ताज रम्मी के मालिक हैं, ने कहा,** *''भारत के अग्रणी ऑनलाईन गेमिंग प्लेटफॉर्म होने के नाते हम देश के लाखों खिलाड़ियों को गेमिंग का रोमांचक अनुभव प्रदान करना चाहते हैं। हमें खुशी है कि हम क्रिकेट के साथ फैंटेसी गेमिंग स्पोर्ट्स में प्रवेश करने*

*जा रहे हैं। क्रिकेट फैंटेसी गेम का लॉन्च देश भर के लाखों प्रशंसकों को ऐसा प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगा, जहां वे अपने खुद की फैंटेसी क्रिकेट टीम बनाकर ऑनलाईन गेमिंग का आनंद उठा सकेंगे। ताज रम्मी के साथ स्किल बेस्ड ऑनलाईन गेमिंग में अग्रणी होने के नाते, हमें खुशी है कि हम देश भर के खिलाड़ियों के लिए अपनी सेवाओं का विस्तार करने जा रहे हैं। इसके साथ ऑनलाईन गेमिंग की बढ़ती लोकप्रियता तथा कानूनों में स्पष्टता के चलते देश में फैंटेसी गेमिंग स्पेस को बढ़ावा मिल रहा है। हमें विश्वास है कि अपने यूज़र–फ्रैंडली इंटरफेस और एआई–उन्मुख प्लेटफॉर्म के साथ हम खिलाड़ियों के लिए पसंदीदा प्लेटफॉर्म बन जाएंगे। इससे बी2बी सेगमेन्ट में भी हमारे विकास को बढ़ावा मिलेगा और हम दुनिया भर के लिए आधुनिक गेमिंग समाधानों के साथ अपने आप को एक विश्वस्तरीय कंपनी के रूप में स्थापित कर सकेंगे।''*

ताज रम्मी पर फैंटेसी स्पोर्ट्स के लॉन्च से खिलाड़ी ऑनलाईन रम्मी का आनंद उठा सकेंगे, इससे दोनों गेम्स में यूज़र बेस बढ़ेगा। रोचक तथ्य यह है कि दूसरे स्तर के शहरों एवं अन्य छोटे शहरों से बड़ी संख्या में खिलाड़ी ऑनलाईन गेमिंग की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। इन सब पहलुओं को देखते हुए उम्मीद की जा रही है कि आने वाले समय में छोटे शहरों में भी ऑनलाईन गेमिंग को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही महानगरों से भी खिलाड़ियों की संख्या तेज़ी से बढ़ेगी।

2013 में लॉन्च किया गया ताज रम्मी भारत के अग्रणी ऑनलाईन रम्मी ब्राण्ड्स में से एक है। ग्रिडलोजिक ग्रुप का यह ब्राण्ड देश भर के लाखों खिलाड़ियों के लिए एक बेजोड़ प्लेटफॉर्म है। यह आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स से पावर्ड भारत का पहला ऑनलाईन गेमिंग प्लेटफॉर्म है, जो भारत में लोकप्रिय 13 कार्ड वाले गेम के खिलाड़ियों को बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है। यह वेब, मोबाइल ब्राउज़र, एंड्रोइड और आईओएस पर उपलब्ध है। सिंगल एवं मल्टी–प्लेयर के विकल्प उपलब्ध कराने वाला यह यूज़र–फ्रेंडली प्लेटफॉर्म उन खिलाड़ियों के लिए पसंदीदा मंच बन चुका है जो ऑनलाईन गेमिंग का रोचक अनुभव पाना चाहते हैं।

**About Gridlogic Group**

The Gridlogic Group is a Gurugram-based diversified technology services group with interests in gaming, data management and business transformation with presence in the United Kingdom and Singapore as well. The group owns the Taj Network, India's largest B2B supplier of online skill and casual games, and offers Skill Games, Casual Games, Platform for Online & Offline industry, Marketing, Payments aggregation. It is also the company behind the supremely popular Taj Rummy online games with interests in various emerging sectors.

Started in the year 2008, Gridlogic Group has enabled millions of players and technology clients and partners to ride the digital wave in creating value for all stakeholders. The group has been a market leader in producing innovative next generation technology for the regulated & emerging markets. It delivers end-to-end solutions to world leading brands and brought artificial intelligence (AI) into skill gaming as innovation.

For more information, please contact media@gridlogic.in